आकाशवाणी भोपाल

**दोपहर समाचार**

दिनांक 10.09.2024 समय: 2.10 PM

**पदम् पुरस्कार नामांकन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक हस्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन अवार्डस डॉट जीओवी डॉट आई एन पर किये जा सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। प्रधानमंत्री ने अब तक कई नामांकन प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में, सरकार ने जमीनी स्तर के अनगिनत लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है और पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनेक लोगों को प्रेरित किया है।

**बरकत उल्ला विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह**

भोपाल के बरकत उल्ला विश्वविद्यालय का आज दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया. समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की । कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में हुए दीक्षांत समारोह में राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा अन्य उच्चतर एकेडमिक स्तरों पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑनलाइन डिजिटल मार्कशीट और डिग्री प्रदान करने की व्यवस्था का शुभारंभ भी हुआ । यह उपलब्धि हासिल करने वाला यह देश का पहला विश्वविद्यालय है।

## रीवा एयरपोर्ट

रीवा एयरपोर्ट को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा संचालन लाइसेंस प्रदान किया गया है। इस एयरपोर्ट को आधिकारिक रूप से यात्री और मालवाहक विमानों की उड़ानों के संचालन की अनुमति मिल गयी है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार करेगा, साथ ही मध्यप्रदेश के आर्थिक विस्तार और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी एक नई दिशा मिलेगी।

## सुपर-100 योजना

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित व्यवसायिक पाठयक्रम संस्थानों में प्रवेश दिलाने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सुपर-100 योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से पिछले वर्ष 600 विद्यार्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण देने की व्यवस्था इंदौर में शासकीय मल्हाराश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौर और शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में की गई है।

## क्रिकेट चयन-ट्रायल

खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा संचालित मध्य प्रदेश राज्य महिला क्रिकेट अकादमी के लिए चयन और ट्रायल का आयोजन शिवपुरी के माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में हुआ । इस चयन ट्रायल में 14 से 21 वर्ष के मध्य की बालिकाओं ने भाग लिया। शिवपुरी जिला मुख्यालय पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित मध्य प्रदेश राज्य क्रिकेट अकादमी मध्य प्रदेश की प्रथम शासकीय क्रिकेट अकादमी है जो वर्ष 2022 से संचालित की

जा रही है। दो दिनों तक चले चयन ट्रायल के दौरान मध्य प्रदेश राज्य क्रिकेट अकादमी शिवपुरी के मुख्य प्रशिक्षक अरुण कुमार सिंह, मप्र चयन समिति की सदस्य पूर्व महिला क्रिकेटर हेमा राजगांवकर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमल बाथम सहित अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**मौसम**

प्रदेश को एक बार फिर मानसून भारी बारिश से तरबतर करने वाला है। अगले 2 दिन पूरे प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में पांढुर्णा और मंडला में आकाशीय बिजली चमकने के साथ अति भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर के अमरकंटक में भारी बारिश की संभावना है। भोपाल में कल से हो रही बारिश के बाद आज सुबह कलियासोत डैम का एक गेट और कोलार डैम के दो गेट खोल दिए गए। सीहोर में तेज बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया। जबकि भोपाल, विदिशा में मध्यम बारिश होगी। अब तक प्रदेश में औसत 36 दशमलव 8 इंच पानी गिर चुका है। जो सामान्य बारिश से सिर्फ आधा इंच कम है। इससे पहले कल भी बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल,इंदौर, उज्जैन समेत 14 जिलों में पानी गिरा।

**समाचार संक्षेप**

1. धार में ऋण वितरण कार्यक्रम में कुल 144 स्व सहायता समूहों को 553 लाख रुपए से ज्यादा का ऋण वितरण के साथ अन्य हितग्राहियों को अन्य योजनाओं के ऋण का वितरण बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा किया गया।

2. गुना जिले के नगरपालिका परिषद गुना के वार्ड क्रमांक 30 में पार्षद का उप निर्वाचन होना है। जिसके लिए आज मतदान दलों की रवानगी पीजी कॉलेज से की गई।

3. सतना में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कलेक्टर अनुराग वर्मा ने शहरी क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी में छात्राओं को कृमिनाशक दवा एलबेण्डाजॉल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। और

4. अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा ने प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी है।

-------------------